ISSN : 2456-8856

पंजीयन संख्या RNI No.: MPHIN/2002/9510 डाक पंजीकृत क्रमांक मालवा डिवीजन/204/2021-2023 उज्जैन (म.प्र.)

UGC Care Listed and Peer Reviewed Referred Bilingual Monthly International Research Journal

प्रेषण दिनांक 30 पृष्ठ संख्या 28

आश्वस्त

वर्ष 26, अंक 241 नवम्बर 2023

संपादक – डॉ. तारा परमार

भारती दलित साहित्य अकादमी मध्यप्रदेश, उज्जैन की अन्तर्राष्ट्रीय मासिक शोध पत्रिका

वर्ष : 26 अंक 241
नवम्बर 2023

आश्वस्त

(सन् 1983 से निरंतर प्रकाशित)

RNI No.: MPHIN/2002/9510
ISSN : 2456-8856

भारती दलित साहित्य अकादमी मध्यप्रदेश, उज्जैन (पंजीयन क्रमांक 2327 दिनांक 13/05/1999) की मासिक पत्रिका

संस्थापक सम्पादक
डॉ. पुरुषोत्तम सत्यप्रेमी

संरक्षक
सेवाराम खाण्डेगर
11/3, अलखनन्दा नगर, बिड़ला हॉस्पिटल के पीछे,
उज्जैन मो.: 98269-37400

परामर्श
आयु. सूरज डामोर IAS
पूर्व सचिव-लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण वि.
म.प्र.शासन, भोपाल मो. 094253-16830

सम्पादक
डॉ. तारा परमार
9-बी, इन्द्रपुरी, सेठी नगर, उज्जैन-456010
मो. 94248-92775

सम्पादक मण्डल :
डॉ. जयप्रकाश कर्दम, दिल्ली
डॉ. खन्नाप्रसाद अमीन, गुजरात
डॉ. जसवंत भाई पण्ड्या, गुजरात
डॉ. शैलेन्द्र कुमार शर्मा, म.प्र.

Peer Review Committee
डॉ. श्रवणकुमार मेघ, जोधपुर(राजस्थान)
प्रो. दत्तात्रय मुरुमकर, मुंबई (महाराष्ट्र)
प्रो. रश्मि श्रीवास्तव, उज्जैन (म.प्र.)
डॉ. बी.ए.सावंत, सांगली (महाराष्ट्र)

कानूनी सलाहकार
श्री खालीक मन्सूरी एडव्होकेट, उज्जैन

अनुक्रमणिका

क्र.	विषय	लेखक	पृष्ठ
1.	अपनी बात	डॉ. तारा परमार	03
2.	कबीर काव्य में रहस्य और दर्शन	डॉ. उपदीप कौर	04
3.	दलितों व आदिवासियों की वर्तमान में उभरती नई बाधाएँ एवं चुनौतिया	डॉ. सुरेन्द्र / अनिता	07
4.	आदिवासी समाज और संस्कृति : एक विवेचन	डॉ. दीपक कुमार	10
5.	Strategies Being Practiced for Promotion of Inclusion in Schools of Central District of Delhi - An Exploratory Study	**Dr. Sandip Kumar** **Dr. Shyam Sundar**	12
6.	D.H. Lawrence's The Rainbow : A Novel of Man - Woman Relationship with Modern Flavor	**Krishana Kumar Sharma** **Dr. Kanwar Pal Singh**	18
7.	Roadmap of Paris Agreement with Special Reference to India "People of conscience need to break their ties with corporations financing the injustice of climate change"	**Kamni Sharma** **Research Scholar**	23

UGC Care Listed Journal

खाते का नाम – आश्वस्त (Ashwast)
खाते का नं.– 63040357829
बैंक – भारतीय स्टेट बैंक,
शाखा– फ्रीगंज, उज्जैन (Freeganj, Ujjain)
IFS Code - SBIN0030108

Web : www.aashwastujjain.com
E-mail : aashwastbdsamp@gmail.com

एक प्रति का मूल्य	:	रुपये 20/-
वार्षिक सदस्यता शुल्क	:	रुपये 200/-
आजीवन सदस्यता शुल्क	:	रुपये 2,000/-
संरक्षक सदस्यता शुल्क	:	रुपये 20,000/-

विशेष : सम्पादन, प्रकाशन एवं प्रबंध अवैतनिक तथा पत्रिका में प्रकाशित विचारों से सम्पादक-मंडल का सहमत होना आवश्यक नहीं है। विवाद की स्थिति में न्यायालय क्षेत्र उज्जैन रहेंगा।

अपनी बात

भारतीय संविधान निर्माण में बाबासाहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर को महाकारुणिक तथागत गौतम बुद्ध के आष्टांगिक मार्ग ने मार्गदर्शक का काम किया। तथागत द्वारा निर्दिष्ट आठ मार्ग हैं–सम्यक दृष्टि, सम्यक संकल्प, सम्यक वाणी, सम्यक कमन्ति, सम्यक आजीविका, सम्यक समाधि।

सम्यक दृष्टि का अर्थ है–अविद्या का नाश/ अर्थात् मानव कर्मकाण्ड की क्रिया–कलाप को व्यर्थ समझे, शास्त्रों की पवित्रता की मिथ्या धारणा से मुक्त हो। संविधान के सृजन में बाबासाहेब ने सम्यक दृष्टि का पूर्ण रूप से पालन किया है जो जन–जन के लिए हितकारी हुआ। सम्यक संकल्प का अर्थ है–हमारी आशाएं–हमारी आकांक्षाए उच्च स्तर की हो, निम्न स्तर की नहीं हो। संकल्प योग्य हो, अयोग्य नहीं हो। सम्यक वाणी का व्यवहार न किसी को भयभीत रखता है और न किसी को पक्षपाती। इसका इस बात से कोई संबंध नहीं होना चाहिए कि कोई बड़ा आदमी उसके बारे में क्या सोचने लगेगा अथवा सम्यकवाणी के व्यवहार से उसकी क्या हानि हो सकती है। संविधान की रचना में बाबासाहेब ने सम्यकवाणी का पूर्ण पालन किया है।

सम्यक कमन्ति का अर्थ है–दूसरे की भावनाओं, दूसरे के दुःख–सुख का ध्यान रखना। सम्यक कमन्ति इस बात के लिये प्रेरित करती है कि हमारा प्रत्येक कार्य ऐसा हो जो जीवन के मुख्य नियमों से अधिकाधिक ताल–मेल रखता हो। बाबा साहेब ने सम्यक कमन्ति के आधार पर ही सभी वर्गों, सभी स्तर, सभी लिंग, धर्म का पूरा–पूरा ध्यान रखते हुए संविधान की रचना की। सम्यक व्यायाम का अर्थ है–अविद्या को नष्ट करना संविधान की धारा 45 सभी बच्चे को 14 वर्ष की आयु तक निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा देने का विधान अविधा को नष्ट करने हेतु है।

सम्यक स्मृति का अर्थ है–प्रत्येक तथ्य और कथ्य पर सावधानीपूर्वक ध्यान देना। सम्यक स्मृति सतत् जागरुकता का ही दूसरा नाम है। भारत जैसे विविधता वाले विशाल देश में जहाँ किसी का किसी से तालमेल नहीं, एक–दूसरे के प्रति साम्य नहीं ऐसे वातावरण में बिना पूर्ण जागरुकता के देश का बेहतर संविधान किसी से बन ही नहीं सकता था। संविधान की एक–एक धारा में बाबासाहेब का जागरुक व्यक्तित्व झलकता है। यह अद्भूत है, अति सराहनीय है।

सम्यक समाधि भावात्मक वस्तु है। यह मन को कुशल कर्मों का एकाग्रता के साथ चिंतन करने का अभ्यास डालता है। सम्यक समाधि मन को हमेशा भलाई की ओर प्रेरित करती है। सम्यक समाधि मन को वह अपेक्षित शक्ति देती है जिससे मानव हमेशा कल्याणरत् रह सके। सम्यक आजीविका का अर्थ है– कुशल कर्म को करके अपनी जीविका का निर्वाह करना। कोई व्यक्ति कुशल कर्म कब करेगा जब उसे कुशल कर्म करने का अवसर मिलेगा, वातावरण मिलेगा। संविधान की धारा 41, 42, 43 जीविका के बेहतर वातावरण से संबंधित है। इस प्रकार तथागत के आष्टांगिक मार्ग पर चलकर बाबासाहेब डॉ. बी.आर. अम्बेडकर ने भारत जैसे विशाल और विविधता वाले देश का श्रेष्ठ संविधान रचा।

राष्ट्रपति से लेकर सिपाही तक इस देश के प्रशासन में कोई भी व्यक्ति अपने देश के संविधान को निजी जीवन में किसी भी धर्मग्रंथ या देवी–देवताओं से भी अधिक महत्व देता है, ऐसा दृश्य आज तक सामने नहीं आया है। प्रत्येक पाठशाला में ईश्वर और सभ्यता संवर्धन की रक्षा की प्रार्थना तो अवश्य होती है, लेकिन संविधान में समाहित बंधुता, समता, न्याय से संबंधित प्रार्थना का अभाव है। तब बंधुभाव, बुद्धि प्रामाण्य, न्याय, शांति, समता जतानेवाली नई पीढ़ी कैसे उभर आयेगी।

विश्व के सबसे सुंदर, सबसे श्रेष्ठ और सबसे ऊँचे संविधान के प्रति अपने प्राण न्यौछावर करने के बजाय इस देश का नागरिक जाति, धर्म और ईश्वर के प्रति अपनी जान न्यौछावर करने के लिए तैयार है। यह दृश्य देश की प्रभुसत्ता पर एक कलंक ही नहीं बल्कि भविष्य में देश को एक बहुत बड़ा धोखा भी हो सकता है।

सदियों से गुलाम, अत्याचार में रहे इस देश को एक धर्म–निरपेक्ष, समता, स्वातंत्र्य, न्याय, बंधुता, शांति का विशाल और चिरंतन मूल्य देनेवाला संविधान देकर बाबासाहेब डॉ. अम्बेडकर ने यह चमत्कार दुनिया को कर दिखाया। जयभीम! जय संविधान।

– डॉ. तारा परमार

कबीर काव्य में रहस्य और दर्शन

– डॉ. उपदीप कौर

भक्ति मानव प्रकृति का नैसर्गिक लक्षण हैं। भारतीय धरा की पहचान भी आध्यात्मिक पुरोधा के रूप में रही हैं। किसी भी देश, समाज अथवा क्षेत्र में व्यक्ति की समाज एवं वातावरण के प्रति अजस्र प्रतिक्रिया होती रहती हैं। यह प्रक्रिया दो प्रकार से होती हैं – बाह्य और आंतरिक। ये विशेष व्यक्ति अपने दार्शनिक चिन्तन का युक्तिपूर्वक प्रतिपादन करते हैं।[1] यह दर्शन युक्तिपूर्वक होने के कारण चिन्तनशील व्यक्तियों के ऊपर अपना प्रभाव छोड़ता हैं [2] जो बाद में उपदेशों, शिक्षा, धर्मगुरुओं द्वारा समाज में प्रचारित होती हैं जो किसी भी समाज में रीति, परम्परा व मान्यताओं में तब्दील हो जाती हैं । समयानुसार दया चिन्तन परिपक्व रूप धारण कर आध्यात्मिक शक्ति में तब्दील हो जाता हैं। यह दार्शनिक चिन्तन, धार्मिक नैतिक एवं सौन्दर्य विश्वास में रूपान्तरित हो जाता हैं।[3] भारतवर्ष में भक्ति–शक्ति प्रमुख रूप से तीन वर्गो में भास्वरित हुई हैं– वैदिक भारत, बौद्ध भारत और मुस्लिम भारत।[4] वैदिक भारत में अध्यात्म का आकार निराकर भी रहा हैं व साकार भी तथा परम तत्त्व पर भी आधारित रहा हैं। सतचित् आनन्दमय ब्रह्मा साकार हैं और निराकार भी, सगुण भी हैं व निर्गुण भी, सावधि हैं च निरवधि भी, बाह्य और आंतरिक भी है।[5] वेद पुराण उपनिषद्, रामायण, महाभारत आदि और न जाने उन कितने भाष्य उसके विवेचन में लिखे गए। नेति नेति कहकर ऋषियों–मनीषियों की वाणी जिसका गुणानुवादन करके थकी नहीं।[6] मूकास्वादनवत् कहकर जिस आनन्दानुभूति का वर्णन कोई कर नहीं पाया। वैदिक धर्मग्रन्थों का इतना विशाल और समृद्ध भण्डार हैं कि भारतीय सांस्कृतिक जीवन की प्रत्येक गतिविधि पर उसका प्रभाव परिलक्षित होता हैं।[7] भारतभूमि में सभी धर्म एवं सम्प्रदायों का प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से वैदिक चिन्तन से सम्बन्ध रहा हैं।[8]

मूल शब्द – दर्शन, वेद, पुराण, उपनिषद्, द्वैत–भावना, आध्यात्मिकता, शाक्य ब्राह्मण, कबीर की रहस्यात्मकता, अक्खड़ता, संसार की शुतुर्मगी–प्रवृति ।

'दर्शन' शब्द की व्युत्पति 'दृश' धातु से मानी जाती है जिसका अर्थ है– देखना, निरीक्षण करना, इसके साथ करणवाचक प्रत्यय 'ल्युट' का योग होने के कारण इसका अर्थ 'जिसके द्वारा देखा जाए' भी किया जाता है।[9] किन्तु शब्दकोष के अनुसार 'दर्शन' सामान्यतः चाक्षुश या प्रत्यक्ष साक्षात्कार का ही सूचक माना जाता है।

यों भी कबीर को वैष्णवों से प्रेम है और शाक्तों से घृणा :

साकत मरै सन्त जन जीवै ।
भरि भरि राम रसायन पीवै ।।
तथा
स्नो की छतरी भली ।
ना साकत ब्राह्मण मति मिलै । बैस्नो मिलै चंडाल ।।[10]

तो यह विदित होता है कि उक्त मुसलमानी धर्म में परिणति प्राप्त नाथपंथी जुलाहा जोगीकुल में जन्म लेकर कबीरदास 'वैष्णव' हुए। 'वैष्णव' होने की बात किवदंती से ही नहीं, कबीर के प्रमाण से सिद्ध भी है। कबीर ने बताया है :

काासी में हम प्रकट भये हैं रामानन्द चेताये[11]

गुरुग्रन्थ साहिब में आए कबीर के एक पद में लिखा है :

मुसि मुसि रोवै कबीर की माई ।
ए बारिक कैसे जीवहि रघुराई ।।
तनना बुनना सब तजिओ कबीर।
हरि का नाम लिख लियो सरीर ।।
जब लग भरों नली का बेह।
तब लग टूटे राम सनेह ।।
ठाढ़ी रौवे कबीर की माई ।
पूरणहारा त्रिभुवन राई ।।[12]

कबीर पहले कोरी हिन्दु थे, फिर मुसलमान हुए तो इनका कुटुम्ब जुलाहा कहलाया, किंतु इस मत को मान्यता नहीं मिली। कबीर के संबंध में उन्हीं के समकालीन सन्त रैदास ने कहा है

जाकैं ईद बकरीद नित गउरे बध करें मानिये सेष सहीद पीरों।[13]

इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि कबीर का जन्म शुद्ध मुसलमान कुल में हुआ था। वह जन्म से मुसलमान थे। कबीर ऐसे दारिद्रय और दुखपूर्ण परिस्थितियों में रहते हुए भी राम – भक्ति में लीन थे। माँ तो इनसे दुखी थी ही इनकी स्त्री भी प्रसन्न प्रतीत नहीं होती, क्योंकि एक पद में कबीर ने माँ के वचनों को यों उपस्थित किया है :

मेरी बहुरिया का धनिया नाउ ।
ले रख्यौ रमजनिया नाउ ।।
इन मुण्डियन मेरा घर धुँधरावा ।
बिटवहि राम रमौआ लावा ।।[14]

कबीर का रचनाकार सृजन के स्तर पर भी और जीवन के स्तर पर भी हर जगह भागीदार की हैसियत से विद्यमान रहता है। उसकी संचेतना उसे शुतुर्मुगी – प्रवृति से दूर रखती है – हर गलती के प्रति वह तीव्र प्रतिक्रिया देती है–उसके लिए हर कदम एक नया प्रारंभ और झेलने और परिस्थितियों को उनके सच्चे परिदृश्यों में देखने की एक नयी चुनौती है। कबीर की सारी लड़ाई अपनी ही विरासती और संस्कारी प्रवृतियों और परम्परा के प्रति मोहग्रस्त दुर्बलताओं के खिलाफ है । कवि अपने समस्त पिछड़ेपन से आक्रान्त है तो दूसरी ओर अपने ऊपर लदी हुई शताब्दियों की सांस्कृतिक उपलब्धि और परम्पराओं से। कबीर के लिए गलत के प्रति स्वीकृति अनुचित है। स्थिति चाहे जितनी ही खतरनाक और त्रासद क्यों न हो – झुकना, अपने को और भी खत्म कर देना है। उसका सारा विद्रोह और क्रोध जड़ताओं के प्रति है ।

अरे इन दोउ राह न पाई, हिंदु की हिंदुआई देखी, तुरकन की तुरकाई[15]

कबीरदास ने यह अक्खड़ता योगियों से विरासत में पाई थी। संसार में भटकते हुए जीवों को देखकर करूणा के अश्रु से वे कातर नहीं हो आते थे बल्कि और भी कठोर होकर उसे फटकार लगाते थे । वे प्रह्लाद की भाँति सर्वजगत् के पाप को अपने ऊपर ले लेने की इच्छा से ही विचलित नहीं हो पड़ते थे बल्कि और भी कठोर, और, और भी शुष्क होकर सुरत और विरत का उपदेश देते थे। संसार में भरमने वालों पर दया कैसी, मुक्ति के मार्ग में अग्रसर होने वालों को आराम कहाँ, करम की रेख पर मेख न मार सका तो संत कैसा?

कबीर तो स्वभाव से फक्कड़ थे। अच्छा हो या बुरा, खरा हो या खोटा, जिससे एक बार चिपट गए उसमें जिंदगी भर चिपटे हो, यह सिद्धांत उन्हें मान्य नहीं था। वे सत्य के जिज्ञासु थे और कोई मोह–ममता उन्हें अपने मार्ग से विचलित नहीं कर सकती थी। वे अपना घर जलाकर हाथ में मुराड़ा लेकर निकल पड़े थे और उसी को साथी बनाने को तैयार थे जो उनके हाथों अपना भी घर जलवा सके,

हम घर जारा आपना, लिया मुराड़ा हाथ।
अब घर जारों तासु का, जो चलै हमारे साथ ।।[16]

वे सिर से पैर तक मस्त–मौला थे। मस्त – जो पुराने कृत्यों का हिसाब नहीं रखता, वर्तमान कर्मों को सर्वस्व नहीं समझता और भविष्य सब कुछ झाड़–फटकार निकल जाता है। जो दुनियादार किए – कराए का लेखा–जोखा दुरूस्त रखता है, वह मस्त नहीं हो सकता। जो इश्क का मतवाला है, वह दुनिया के माप–जोख से अपनी सफलता का हिसाब नहीं करता। कबीर – जैसे फक्कड़ को दुनिया की होशियारी से क्या वास्ता? ये प्रेम के मतवाले थे अगर अपने को उन दीवानों में नहीं गिनते थे जो माषूक के लिए सिर पर कफन बाँधे फिरते हैं, जो बेकरारी की तड़पन में इश्क का चरम फल पाने का भान करते हैं, क्योंकि बेकरारी उस वियोग में होती है जिसमें प्रिय दूर हो–उसे पाना कठिन हो। पर जहाँ प्यारे से एक क्षण के लिए भी बिछोह नहीं, वहाँ तड़पन कैसी? जो गगरी भरी है उसमें

छलकन कहाँ ? जहाँ द्वैत – भावना ही मिट गई हो उस अजब मस्ती में बेचैनी कहाँ ?

हमन है इश्क मस्ताना, हमन को होशियारी क्या।
रहें आजाद या जग से, हमन दुनिया से यारी क्या।
जो बिछुडे हैं पियारे से, भटकते दर–बदर फिरते।
हमारा यार है हम में, हमन को इंतजारी क्या ।
खलक सब नाम अपने को, बहुत कर सिर पटकता है।
हमन गुरू नाम साँचा है, हमन दुनिया से यारी क्या।
न पल बिछुडे पिया हमसे, न हम बिछुडे पियारे से।
उन्हीं से नेह लागी है, हमन को बेकरारी क्या।
कबीरा इश्क का माता, दुई को दूर कर दिल से।
जो चलना राह नाजुक है, हमन सिर बोझ भारी क्या।।[17]

निष्कर्ष :

आसमान अर्थात् गगन – चंद्र की परम ज्योति । जो वस्तु केवल शारीरिक व्यायाम और मानसिक शमदृदमादि का साध्य है वह चरम सत्य नहीं हो सकती। योगी लोग एक प्रकार की जड – समाधि की बात स्वीकार करते हैं जिसमें योगी लक्ष्य–भ्रष्ट होकर जड़ शरीर – विकार को सिद्धि समझने लगता है। परम–पुरुष योग का परम प्रतिपाद्य है, आत्मा – गम्य है, वह आँख–कान का विषय नहीं है। केवल शारीरिक और मानसिक कवायद से दिखनेवाली ज्योति जड़ चित्त की कल्पनामात्र है। वह भी बाह्य है। कबीर ने कहा, और आगे चलो। केवल क्रिया बाह्य है, ज्ञान चाहिए । बिना ज्ञान के योग व्यर्थ है। केवल पिंड में–तत्रापि गगनदृगुफा में या शून्यचक्र में यदि घटघटवासी मिलता है, तो कहीं बिसमिल्ला ही गलत हो गया है। अगर कहते हो कि वह केवल भीतर ही है तो बाहर का यह सारा विश्व ब्रह्मांड मारे लज्जा के पानी–पानी हो जाता है। क्या गगन–गुफा के बाहर सबकुछ भगवान के बाहर है, क्या उसके कण–कण में प्रभु व्याप्त नहीं है, क्या वह व्यर्थ ही जगत में पड़ा हुआ है? पर अगर इसी की ओर ताकें, यही मान लें कि बाहर की सारी दुनिया में ही वह परम–पुरुष रम रहा है और भीतर उससे शून्य है तो यह बात झूठ है। कबीरदास ने कितनी ही बार 'कमल–कुआ में ब्रह्मरस' का पान किया था, गगन से झरते हुए अमृतरस का आस्वादन किया था। यह झूठ है कि यह परम पुरूष भीतर नहीं है। जो कहता है कि वह भीतर ही है बाहर नहीं, वह सारे बाह्य जगत् को व्यर्थ ही लज्जित करता है और जो कहता है कि वह भीतर है ही नहीं, वह झूठा है।

– डॉ. उपदीप कौर
पत्नी श्री मनप्रीत सिंह गिल
फार्म हाऊस
गाँव–पोस्ट वैदवाला,
जिला सिरसा (हरियाणा) –125060
मोबा. 8685887741

संदर्भ :

1. सिन्हा, ए. के., हरियाणा एक सांस्कृतिक अध्ययन, (सं.) साधुराम शारदा, पृ. 244
2. सिन्हा, ए. के., हरियाणा एक सांस्कृतिक अध्ययन, (सं.) साधुराम शारदा, पृ. 246
3. सिन्हा, ए.के., हरियाणा एक सांस्कृतिक अध्ययन, (सं.) साधुराम शारदा, पृ. 249
4. संपला, बी.आर., भारत माँ के सौतेले बेटे, पृ. 13
5. श्री अद्वैतस्वरूप विवेकदयाल प्रकाश (जीवनचरित) श्री छोटे महाराज जी, पृ. 1
6. श्री अद्वैतस्वरूप विवेकदयाल प्रकाश (जीवनचरित) श्री छोटे महाराज जी, पृ. 66
7. वाचस्पति गैरोला, भारतीय दर्शन, पृ0 9
8. सम्पा. बलदेव वंशी 'पूरा कबीर' पृ. 11
9. सम्पा. बलदेव वंशी 'पूरा कबीर' पृ. 14
10. सम्पा. बलदेव वंशी 'पूरा कबीर' पृ. 56
11. सम्पा. बलदेव वंशी 'पूरा कबीर' पृ. 36
12. सम्पा. बलदेव वंशी 'पूरा कबीर' पृ. 86
13. कबीर वाणी पृ. 34
14. कबीर : शब्दा पृ. 50
15 सं. हजारी प्रसाद द्विवेदी कबीर साहित्य पृ. 5.8
16. कबीर : 'शब्दा प. 16–17
17. कबीर वाणी पृ. 133, पद 87

दलितों व आदिवासियों की वर्तमान में उभरती नई बाधाएँ एवं चुनौतियाँ

– डॉ. सुरेन्द्र
– अनिता

सारांश –

भारतीय संविधान देश के प्रत्येक नागरिक को समानता, स्वतंत्रता, धार्मिक स्वतंत्रता व शोषण के विरुद्ध अधिकार प्रदान करता है। दलित व आदिवासी समुदाय के लोग भारत के वे नागरिक हैं जो भारत की वास्तविक स्थिति का प्रतिनिधित्व करते हैं। यदि भारत की वास्तविक दशा के दर्शन करने हो तो दलित व आदिवासी नागरिकों की स्थिति को जानना अति आवश्यक हो जाता है। वर्तमान में इन समुदायों की स्थिति को पहचानने के लिए ऐतिहासिक परिदृश्य की भी आवश्यकता पड़ती है जो इस तथ्य का आभास करवाता है कि सदियों से इन समाजों का ताना–बाना कैसा था। सदियों से इन समुदायों की स्थिति हाशिए पर ही रखी गई तथा प्रत्येक तरह के अधिकारों से इनको वंचित रखा जाता रहा। दलितों व आदिवासियों के लिए भारतीय संविधान में अनेक प्रावधान किए गए हैं तथा इसके साथ–साथ अनेक कानूनों व नियमों को भी लागू किया गया हैं जिससे इनके हितों की रक्षा की जा सके। व्यापक स्तर पर किए गए इन उपायों के उपरांत भी इनकी स्थिति में खास परिवर्तन नहीं हो पाया है। देश में आज दिन–प्रतिदिन अनेक घटनाएं सामने आ रही हैं जो दलितों व आदिवासियों के उत्पीड़न का प्रमाण प्रस्तुत करती है।

मूल शब्द – दलित आदिवासी, दलित आदिवासी अधिकार, अनुसूचित जातियों व अनुसूचित जनजातियों के संवैधानिक प्रावधान।

प्रस्तावना – भारतीय समाज वर्ण व्यवस्था पर आधारित समाज रहा है जिसमें दलितों व आदिवासियों को समाज के सबसे निचले स्तर पर रखा गया तथा समाज में इनकी स्थिति हाशिए पर बनी रही। इस समाज के लोगों को व्यवस्था के नाम पर समाज की मुख्यधारा में शामिल नहीं किया गया। विडम्बना तो यह रही कि प्राचीनकाल से ही दलितों व आदिवासियों की वास्तविक स्थिति को नजर अंदाज करते हुए ऐसी साहित्यिक रचनाओं को भी हतोत्साहित किया गया जो दलितों व आदिवासियों के हितों की आवाज उठाती हो। दलितों को अछूत का दर्जा प्रदान किया गया था व दलितों की परछाई के स्पर्शमात्र से सवर्ण स्वयं को अपवित्र मान लेते थे। ज्योतिबा फुले ने अछूत जैसे अपमानजनक शब्द से निजात दिला समाज में सदियों से इस वर्ग को दबाए व कुचले जाने के कारण इन्हें ''दलित'' की संज्ञा प्रदान की। आधुनिक भारतीय समाज में दलितों व आदिवासियों के हितों की रक्षा के लिए डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने जोरदार आवाज उठाई व अपने आंदोलनों, भाषणों, रचनाओं, लेखन तथा अनेक माध्यमों के द्वारा इनके हितों की रक्षा के लिए वैश्विक स्तर पर पैरवी करते हुए इसमें सफलता भी प्राप्त की जिसका स्पष्ट प्रमाण भारतीय संविधान में इन वर्गों के लिए किए गए प्रावधानों के रूप में देखा जा सकता है।

दलितों व आदिवासियों के प्रमुख संवैधानिक प्रावधान – भारतीय संविधान में दलितों व आदिवासियों को अनुच्छेद 341 व अनुच्छेद 342 के तहत अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के रूप में शामिल कर सूचीबद्ध किया गया है। भारतीय संविधान मौलिक अधिकारों की व्यवस्था करता है तथा नागरिकों को अनेक अधिकार प्रदान करता है। संविधान में दिए गए ये अधिकार सभी नागरिकों को प्राप्त हैं। मौलिक अधिकारों के संविधान में शामिल किए जाने के कारण भारतीय समाज की सदियों से चली आ रही सामाजिक भेदभाव की सभी कुप्रथाओं व कुरीतियों पर रोक लगा दी गई जो मानव की समानता व स्वतंत्रता को बाधित करती थी तथा जो मानवी शोषण को बढ़ावा देती थी। संविधान के

अनुच्छेद 17 के द्वारा अस्पृश्यता को समाप्त कर दिया गया व छुआछूत जैसी कुप्रथा के लिए कानून निर्माण कर दण्डनीय अपराध के प्रावधान किए जा चुके है। अनुच्छेद 16(4) अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के लिए सेवाओं में आरक्षण की व्यवस्था करता है तथा इसके साथ–साथ सेवाओं में बैकलॉग की नियुक्तियों की भी व्यवस्था की गई है। संविधान के भाग 10 का अनुच्छेद 244 अनुसूचित क्षेत्रों व जनजाति क्षेत्रों के प्रशासन की व्यवस्था करता है जिसके द्वारा पांचवी व छठी अनूसची को संविधान में उपबंधित किया गया है। संविधान के भाग 16 में अनुच्छेद 330 के द्वारा लोकसभा व अनुच्छेद 332 विधानसभाओं में स्थानों के आरक्षण की व्यवस्था की गई है। अनुच्छेद 243(घ) तथा अनुच्छेद 243(न) में पंचायतों व नगरपालिकाओं में अनुसूचित जातियों व अनुसूचित जनजातियों के स्थानों के लिए आरक्षण की व्यवस्था की गई है। संविधान में अनुसूचित जाति व जनजातियों के राष्ट्रीय आयोग की व्यवस्था की गई है जो इनके हितों की रक्षा व अन्य कार्य करता है।

दलितों व आदिवासियों की बाधाएं व चुनौतियां – दलितों व आदिवासियों को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए तथा इनके हितों की रक्षा के लिए अनेक संवैधानिक प्रावधान किए गए हैं तथा लगातार संविधान में संशोधन किए जा रहे हैं। इन वर्गों के हितों की रक्षा के लिए दिन–प्रतिदिन न्यायालयों के द्वारा न्यायिक व्याख्याएं की जा रही है परन्तु इतने प्रयास करने के बाद भी इनकी स्थिति में व्यापक स्तर पर सुधार नजर नहीं आ रहा हैं। दलित व आदिवासियों को धरातल पर वो अधिकार प्राप्त नहीं हो पा रहे जिनकी व्यवस्था उनके लिए की गई हैं। देश के अनेक हिस्सों में दलितों व आदिवासियों पर अत्याचारों की अमानवीय घटनाएं दिन–प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं। अनेक ऐसी अमानवीय घटनाएं समाचार–पत्रों व मीडिया के द्वारा कवर की जाती हैं तथा अनेक घटनाओं पर शोध पत्र प्रकाशित किए जा रहे हैं जो इस प्रकार के अत्याचारों पर प्रत्यक्ष प्रकाश डालते हैं। अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत पीड़ित पक्ष की सुनवाई में देरी तथा अपराधी के प्रति नरम रूख अक्सर दर्शाता है कि इस प्रकार के कानूनों को अधिक कड़ाई से लागू किए जाने की आवश्यकता है। आदिवासियों ने सदियों से अपना आवास जंगल को बनाए रखा है तथा प्रकृति के उपासक व प्राकृतिक सम्पदा को संजोए रखने वाले समाज के रूप में अपनी अहम भूमिका निभाई है। पैसा, कानून जो आदिवासियों को उनकी जल, जंगल, जमीन पर बने रहने के लिए बनाया गया था को प्रभावी रूप से लागू नहीं किय जा रहा है तथा विकास के नाम पर उनको जंगलों से निकाला जा रहा है। ग्राम पंचायतों में अनेक ऐसे प्रावधान किए जा रहे हैं जिससे दलितों व आदिवासियों के प्रतिनिधित्व को प्रभावित किया जा सके जिसका जीता जागता उदाहरण है, ग्राम पंचायतों में चुनाव लड़ने के लिए शिक्षा की अनिवार्यता को शामिल किया जाना। तमाम सरकारी आंकड़े बताते हैं कि दलित व आदिवासी समाज पूर्ण रूप से शिक्षित नहीं हो सका है ऐसे प्रावधानों के द्वारा सीधे इनके हितों पर प्रहार किया जा रहा है। लोकसभा व विधानसभाओं में दलितों व आदिवासियों के लिए आरक्षण के प्रावधान किए गए हैं ताकि इन वर्गों के उचित प्रतिनिधित्व के द्वारा इनके हितों की रक्षा हो सके, परन्तु राजनैतिक व्यवस्था के नियमों के आधार पर राजनैतिक पार्टियां केवल सीटें प्राप्त करने के लिए अनुसूचित जाति व जनजातियों के लोगों को चुनावी मैदान में उतारती हैं तथा चुनावों में जीत हासिल कर लेने के उपरांत केवल पार्टी हित को ध्यान में रखकर कार्य करती है ना कि दलित व आदिवासी हितों को। सरकारी पदों पर रोजगार के लिए इन वर्गों के लिए आरक्षण की व्यवस्था की गई है तथा बैकलॉग की सीटों की व्यवस्था भी की गई है परन्तु इस व्यवस्था को अभी भी उचित रूप से

लागू नहीं किया जा सका है। निजीकरण के बढ़ते चलन ने रोजगार को लेकर दलितों व आदिवासियों के लिए नई चुनौतियां प्रस्तुत कर दी हैं व इस नई व्यवस्था ने इन समुदायों पर रोजगार के साथ–साथ शिक्षा, स्वास्थ्य व सामाजिक न्याय के मार्ग में भी संकट खड़ा कर दिया है।

निष्कर्ष – दलितों व आदिवासियों को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए भारतीय संविधान में व्यापक स्तर पर प्रावधान किए गए हैं। इन समुदायों के लिए अनेक ऐसे कानूनों का निर्माण किया गया है जो इनके हितों की रक्षा करे व सामाजिक न्याय में आने वाली बाधाओं व चुनौतियों को दूर करें परन्तु वास्तव में इन लक्ष्यों को अभी प्राप्त नहीं किया जा सका है। वर्तमान में तेजी से बदलती व्यवस्था व निरन्तर होने वाले वैश्विक स्तर के परिवर्तनों ने दलितों और आदिवासियों के अस्तित्व को प्रभावित करते हुए इनके समक्ष भारी संकट खड़ा कर दिया है। इस कारण इन वर्गों के अधिकारों व हितों पर अधिक ध्यान दिए जाने व इस हेतु बनाए गए नियमों व कानूनों को वास्तविक रूप से लागू किए जाने की आवश्यकता है। दलितों व आदिवासियों के राजनैतिक अधिकारों की प्राप्ति के लिए कार्यपालिका, न्यायपालिका व राजनैतिक पार्टियों के द्वारा विशेष ध्यान दिए जाने के साथ–साथ इन समुदायों को स्वयं अपने हितों की रक्षा के लिए लामबंदी की व्यापक स्तर पर आवश्यकता है। दलितों व आदिवासियों को अपने हितों की पहचान करते हुए स्वयं भी इस ओर तेजी से एकजुटता के साथ मुखर होना चाहिए ताकि बाधाओं व चुनौतियों से निपटा जा सके।

– डॉ. सुरेन्द्र, प्रो. कॉलोनी, आदमपुर
हिसार, हरियाणा–125052
मोबा. 89012 77555

– अनिता रानी, सहायक आचार्य, राजनीति विज्ञान
आर.के.एस.डी. कॉलेज, कैथल
हरियाणा–136027
मोबा. 74978 96702

सन्दर्भ सूची –

1. The Constitution of India https://legislative.gov.in/constitution-of-india.
2. Ndtv https://youtu.be/JqrxtynjtmY
3. कुमार सुशील, ग्राउंड रिपोर्टः राजस्थान में गरीब दलितों पर भीषण हमले, अपनी माटी दलित आदिवासी विशेपांक, सितंबर 08, 2015. https://www.apnimaati.com/
4. मंथन, गांव स्वशासन और पंचायती संस्थान, 2016, अनुज्ञा बुक्स दिल्ली.
5. लक्ष्मीकांत एम., भारत की राजव्यवस्था, 2020, McGraw Hill Education (India) Pvt.Ltd.
6. https://www.drishtiias.com/daily-updates/daily-news-analysis/jyotirao-phule
7. https://youtu.be/csLl4Xn9dyU
8. The Hindu News Paper, https://www.thehindu.com/news/national/parliamentary-panel-slams-vacancies-in-reserved-posts/article31003580.ece
9. रॉय अंरूधति, अनुवाद जयहिन्द यादव अनिल, लाल रतन, एक था डॉक्टर एक था संत, 2021, पांचवां संस्करण, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली.
10. Kumar Vinod, Democracy ‘Only for the Haves’ in LocalSelf Governance ,5(1) 99–108 2018 National Law University Delhi SAGE Publications.

आदिवासी समाज और संस्कृति : एक विवेचन

– डॉ. दीपक कुमार

भारत एक विशाल देश है, जिसमें विभिन्न भाषाओं, धर्मों, जातियों व संस्कृतियों के लोग मिलकर रहते हैं। आपसी मेलजोल और सम्बन्धों के इसी ताने–बाने को समाज कहते है। आदिवासियों का अपना एक समाज है। समाज के अभिजात्य वर्ग की क्रूर और कठोर न्याय व्यवस्था ने जिन्हें सदियों से आजीवन वनवास दिया है। अब तो उन्हें वन में भी वास नहीं करने दिया जा रहा है। भारतीय समाज मोटे रूप से तीन भागों में बांटा जाता है ग्रामीण समाज, नगरीय समाज और आदिवासी समाज। ''आदिवासी समाज उपेक्षित एक पृथक समाज है, जिसकी एक निश्चित संस्कृति, भाषा एवं धर्म है। आज के विश्व में आदिवासी उपेक्षित रूप से सामाजिक तथा आर्थिक दृष्टि से काफी पिछड़े हैं।''[1] वास्तव में आधुनिक भारत के निर्माण में आदिवासी समाज भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवा रहा है।

आदिवासी समाज युगों से अपने साथ हो रहे शोषण, अन्याय व अत्याचार के खिलाफ आवाज उठा रहा है किन्तु उचित बौद्धिक क्षमता व प्रतिभा के बिना वह साहित्य और समाज का विषय नहीं बन पा रहा था। हाल के कुछ वर्षों में हाशिये पर पड़े इस समाज को साहित्य और सिनेमा में अभिव्यक्ति मिलने लगी है। आज आदिवासियों के लिए नये शब्दों का प्रयोग होने लगा है। रमणिका गुप्ता इस संदर्भ में लिखती हैं कि – ''वर्तमान स्थिति में आदिवासी शब्द का प्रयोग विशिष्ट पर्यावरण में रहने वाले, विशिष्ट भाषा बोलने वाले, विशिष्ट जीवन–पद्धति तथा परम्पराओं में सजे और सदियों से जंगलों – पहाड़ों में जीवन–यापन करते हुए अपने धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों को संभालकर रखने वाले मानव समूह का परिचय करा देने के लिए किया जाता है।''[2] अतः एक विशेष पर्यावरण जीवन–शैली से सजे, समान सांस्कृतिक जीवन–यापन करने वाले अक्षर ज्ञान रहित समूह को आदिवासी के नाम से जाना जाता है।

प्रकृति सदा ही आदिवासियों की सहचरी रही है। प्रकृति ने उन्हें दुख भी दिया और सुख भी। उन्हें हंसाया भी और रुलाया भी किंतु आदिवासियों ने कभी प्रकृति के प्रति विद्रोह रूप नहीं अपनाया। प्रकृति के साथ आदिवासियों का प्रेम सदा से प्रगाढ़ रहा है। प्रकृति की छाया में ही उठना–बैठना, खाना–पीना, गाय व बकरी चराना, कंद मूल, जड़ी–बूटी, लकड़ी काठी लेना, पेड़ की छाँव तले सो जाना, बीड़ी पत्ता तोड़ना सब कुछ प्रकृति ही से तो होता है।

प्रकृति का दोहन करना आदिवासियों का संस्कार नहीं है। आदिवासी कवि अनुज लुगून लिखते हैं 'कल एक पहाड़ को ट्रक पर जाते हुए देखा/उससे पहले नदी गई। अब खबर फैल रही है कि/मेरा गाँव भी यहाँ से जाने वाला है।'[3] आज उसी प्रकृति से आदिवासियों को बेदखल कर उनसे उनकी मूलभूत चीजें जल, जंगल और जमीन छीने जा रहे हैं।

आदिवासियों का समाज मातृसत्तात्मक व जनतन्त्रात्मक संगठन है। उनके यहाँ स्त्री–पुरुष सम्बन्धों में समानता है। मिलकर एक साथ कार्य करना, खाना–पीना, नाचना–गाना व शिकार करना होता है। आदिवासी बाजारों में पुरुषों की अपेक्षा स्त्रियों की भूमिका अधिक रहती है। इस समाज में स्त्रियों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव, अन्याय, बलात्कार, छेड़छाड़ नहीं होती है। स्वयं को सभ्य कहने वाले लोग ही धन–बल से आदिवासी स्त्रियों के साथ चारित्रिक भ्रष्टाचार करते हैं। उनके यहाँ स्त्री उपेक्षित नहीं सहभागिनी है। संघर्ष के क्षणों में वह पुरुष के साथ खड़ी हो जाती है। आजादी के दिनों में आदिवासी स्त्रियाँ पुरुषों के साथ अंग्रेजों से युद्ध भी करती थी। काम के समय यही स्त्रियाँ अपनी पीठ पर बच्चों को बांधकर पुरुषों के साथ मिलकर काम करती है। आदिवासी संस्कृति के विस्तार में महिलाओं की भूमिका पुरुषों से

अधिक है। इस संदर्भ में रमणिका गुप्ता लिखती हैं कि 'भारत की संस्कृति में महिलाओं की जो स्थिति है, आदिवासी संस्कृति में महिलाओं की स्थिति उससे बहुत भिन्न नहीं है। आम धारणा है कि आदिवासी महिलाएँ अधिकार सम्पन्न तथा बराबर की हकदार हैं, किन्तु ऐसी बात नहीं है।'[4] आदिवासियों में दहेज के लिए बहुओं की जान नहीं ली जाती। वे कन्या भ्रूण हत्या नहीं करते। इसलिए लड़कियों का जन्मोत्सव भी उत्साह के साथ मनाया जाता है। आदिवासी स्त्री पति को अपना जीवन साथी मानती है। भारत में जहाँ उच्च वर्ग 'ऑनर किलिंग' के द्वारा अपनी बहन–बेटियों से जीने का अधिकार छीन रहा है, वहीं आदिवासी समाज में स्त्री को अपना जीवन साथी चुनने का अधिकार है।

आदिवासी हमारे पर्यावरण का संरक्षण और संवर्धन करने का कार्य बड़ी सहजता और लगन से कर रहे हैं। यही कारण है कि उन्हें आज भी प्रकृति पुत्र की संज्ञा से अभिहित किया जाता है। वे आज भी आधुनिक सभ्यता से दूर अपने वनों–घाटियों, नदी–नालों, पशु–पक्षियों, देवी–देवताओं तथा रूढ़ियों और संस्कारों से जुड़ी हुई, आदिम संस्कृति में जी रहे हैं। स्वभाव से कृतज्ञ आदिवासी प्रकृति के प्रत्येक उपादान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। हरे–भरे वृक्ष देखकर आदिवासियों के चेहरे खुशी से खिल उठते है। आदिवासी हल से धरती का सीना विदीर्ण कर खेती नहीं करते अपितु पेड़ों को काट कर धरती पर गिराकर उसमें आग लगा देते हैं और फिर उस राख में बीज बो देते हैं और इससे जो फसल प्राप्त होती है उसी से ये अपना पेट भरते हैं। आदिवासी शरीर पर बहुत कम कपड़ों का प्रयोग करते है। पुरुष सामान्यतः 'गांडो' नामक वस्त्र कमर में लपेटे हैं औरतें कपड़े का एक टुकड़ा कमर के चारों ओर लपेटे रहती हैं, जिसे स्थानीय भाषा में 'रिकींग' कहते हैं।

आदिवासियों में सामाजिक रूढ़ियाँ बहुत प्रबल हैं। उनमें अग्निपरीक्षा की प्रथा आज भी मौजूद है। किसी व्यक्ति के दोष या निर्दोष की जांच अग्नि परीक्षा के द्वारा ही होती है। देवी–देवताओं में इनका अटूट विश्वास होता है। अपने देवी–देवताओं को प्रसन्न करने के लिए ये सुअर या मुर्गे की बलि देते हैं। बीमारी में ओझा की मदद ली जाती है। किसी व्यक्ति के मरने पर उसके शव को साफ कपड़े में लपेटकर सजाया जाता है और सामूहिक भोज के बाद शव को धरती में गाड़ दिया जाता है।

वर्तमान में आदिवासी अनेक समस्याओं से जूझ रहा है। स्वतंत्रता प्राप्ति के इतने वर्षों बाद भी आदिवासी समाज उपेक्षित, अभिशप्त, शोषित, अशिक्षित हैं। सरकारों द्वारा प्राकृतिक संसाधनों का दोहन, जमीन और जंगल से आदिवासियों को बेदखल किया जा रहा है। आदिवासी आज भी गरीबी, भूख, बेरोजगारी, शोषण, कुपोषण और बीमारी के शिकार हैं। आज आदिवासियों की असली संस्कृति और भाषा को मिटाने की साजिशें की जा रही है। इसीलिए आदिवासी समाज का प्रबुद्ध वर्ग, बुद्धिजीवी वर्ग व साहित्यकार अपने समाज को एकीकृत करके अपनी अस्मिता, अपने नाम और संस्कृति को बचाने का कार्य पूरी जिम्मेवारी से कर रहा है।

युगों से हाशिये पर रहे आदिवासियों को शिक्षित होने पर ही ज्ञात हुआ कि झाँसी की रानी ही नहीं बल्कि उनसे भी अधिक वीर–वीरांगनाएँ आदिवासियों में हुए हैं जिनमें 'सिनगीदई' और 'बिरसा मुण्डा' प्रमुख हैं। बिरसा मुंडा जिन्होंने अंग्रेज सेना को भी मात देकर जन–चेतना का आंदोलन चलाया था। आदिकवि कवि महोदव टोप्पो समाज को संगठित और शिक्षित होने का आह्वान करते हैं। 'सबसे बड़ा खतरा' कविता में कवि कहते हैं 'यही है सबसे बड़ा खतरा कि हम अपनी पहचान खो रहे हैं/खो रहे हैं कि हम अपने स्वाभिमान स्वर/न मिमिया रहे हैं न गरज रहे हैं। इसी कारण ऊँची अट्टालिकाओं में/पंखों के नीचे वे हमारी असमर्थता पर मुस्करा रहे हैं।'[5]

आदिवासी संस्कृति में श्रम को अहमियत दी जाती है। इनके लिए श्रम वही है जो आनंद व उमंग प्रदान करता है। वर्ष भर निरंतर श्रम करके जीवन को हर्ष और उल्लास के साथ मनाना इन्हें खूब आता है। झारखण्ड में

'काम नूनू की चाम नून' की अवधारणा है अर्थात जो श्रम करता है, वही सुंदर है। आदिवासियों में कोई व्यक्ति किसी भी विशिष्ट पद पर आसीन हो परन्तु उसे भी श्रम से छूट पाने का अधिकार नहीं है। यदि कोई अच्छी बाँसुरी बजाता है या ढोल, नगाड़ा, माँदल बजाने में प्रवीण है, तब भी उसे खेत–खलिहान में काम करना ही पड़ेगा ।

निष्कर्षत : हम कह सकते हैं कि आदिवासी समाज और संस्कृति वर्तमान में विशेष महत्व रखते हैं। मनुष्य जाति के भविष्य और सुंदर धरती के लिए आदिवासी जीवन–मूल्यों को तरजीह देनी होगी। साथ ही पाठ्यक्रमों में आदिवासी जीवन और संस्कृति को शामिल करना होगा। आदिवासियों के हुनर, कौशल, प्रकृति प्रेम और रहन–सहन से शेष संस्कृतियों को परिचित कराना होगा तभी सांस्कृतिक आदान–प्रदान होगा। इस संदर्भ में आलोचक चौथी राम यादव लिखते हैं–"सच बात तो यह है कि यदि लोक संस्कृति और लोक कलाएँ आज जीवित हैं, तो उसका मूल श्रेय दलितों और खासतौर पर आदिवासियों को जाता है। उनका जीवन, उनका साहित्य और लोककलाएँ सभी मौलिक हैं, जो किसी अनुवादक की मोहताज नहीं है।[6]

– **डॉ. दीपक कुमार**
सहायक प्रोफेसर, हिन्दी
राजकीय महाविद्यालय, भेरियां, कुरुक्षेत्र।
मो.नं. 8708861229

संदर्भ :

1. सच्चिदानन्द रू समाज शास्त्र, पृ. –41
2. रमणिका गुप्ता रू आदिवासी कौन, पृ. 26–27
3. डॉ. श्रवण कुमार मीणा, संपादक : कविता में आदिवासी समाज और संस्कृति, पृ. – 17
4. रमणिका गुप्ता : युद्धरत आम आदमी, पृ. 90
5. रमणिका गुप्ता : आदिवासी स्वर और नई शताब्दी, पृ. 50 – 51
6. डॉ. श्रवण कुमार मीणा, संपादक रू कविता में आदिवासी समाज और संस्कृति, पृ.–16

Strategies Being Practiced for Promotion of Inclusion in Schools of Central District of Delhi- An Exploratory Study

- Dr. Sandip Kumar*
*Asstt. Professor (C&P)
- Dr. Shyam Sundar**
**Asstt. Professor (EPRA)

Abstract

Inclusion in education is crucial for children with special needs (CWSN) to receive equal opportunity. Strategies such as barrier-free access, peer support, and trained teachers are essential for promoting this. This study explores the strategies used by principals and teachers in schools in the central district of Delhi to promote inclusion. Data was collected through a questionnaire, and the findings will benefit all stakeholders in supporting inclusion in schools. The study also explored the available resources and infrastructure for CWSN, indicating that these resources make schools confident in promoting inclusion.

Keywords: Strategies, Inclusion, Children with Special Needs, Upper Primary Level.

Introduction:

To fulfil the aim of the Universalization of Elementary

Education, it is critical to provide children with special needs with long-term quality education.The Universalization of Elementary Education emphasises giving quality education to children with special needs, including access, enrollment, and retention. Inclusive schools should accommodate diverse learning styles and paces, ensuring quality education through appropriate curricula, organisational arrangements, teaching strategies, resource use, and community partnerships. This approach promotes social justice, equity, and equal treatment for all students, regardless of abilities.

Objectives:

1.To investigate teachers' teaching-learning practises for inclusion.

2. Research the principals' techniques for fostering an inclusive atmosphere.

3. Research the issues that teachers and principals confront regarding inclusion.

Population: This study has considered schools in the Central District of Delhi.

Sample: Only upper primary level teachers were selected from schools earmarked for the School Experience Programme(SEP) falling in the Central District of Delhi as the sample.

